विश्व बैंक सम्पोषित पूर्वी कोसी तटबंध के कि०मी० 78.00 से कि०मी० 84.00 के बीच स्पर पुनर्स्थापन एवं सुरक्षात्मक कार्यो की धीमी प्रगति के मद्देनजर अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग बिहार पटना की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में दिनांक-10/04/2019 को आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:-

<u>उपस्थित पदाधिकारीगण:-</u>

1. श्री अरूण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना ।
2. श्री अंजनी कुमार सिंह, अभियंता-प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, पटना ।
3. श्री प्रकाश दास, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर ।
4. श्री ओम प्रकाश, अधीक्षण अभियंता पूर्वी तटबंध अचंल, सहरसा ।
5. श्री अनिल कुमार, संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना ।
6. श्री बलराम कुमार गुप्ता, उप निदेशक-1, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना ।
7. श्री महेश प्रसाद सिंह, कार्यपालक अभियंता, पूर्वी तटबंध प्रमंडल, सुपौल ।

विश्व बैंक सम्पोषित पूर्वी कोसी तटबंध के कि०मी० 78.00-कि०मी० 84.00 (पैकेज-1C) के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्य का एकरारनामा दिनांक-26/10/2018 को मेसर्स योजका (इंडिया), प्रा० लि० मंगलौर, कर्नाटक के साथ किया गया है जिसकी लागत राशि- रु० 116.472 करोड़ है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अभी तक मात्र 16.36% ही कार्य हुआ है। मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर द्वारा बताया गया कि मिर्जाचौकी से बोल्डर की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में प्राप्त नहीं हो पा रहा है। समीक्षा के क्रम में यह भी पाया गया कि इस पैकेज में कि०मी० 78.30, 78.60 एवं अन्य दो स्पर काफी vulnerable है एवं विभाग द्वारा अन्य श्रोत से इन स्परों पर कार्य नहीं कराया जा रहा है जबकि मानसून में मात्र दो माह शेष रह गया है।

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर को निदेश दिया गया कि जिस प्रकार उनके द्वारा पैकेज-2 के लिए कार्यहित में मिर्जाचौकी के अतिरिक्त पाकुड़ एवं सिल्लीगुडी से बोल्डर आपूर्ति का निदेश अपने पत्रांक-2422 दिनांक-26/09/18 द्वारा दिया गया है, उसी प्रकार एवं उन्हीं शर्तो पर अधीक्षण अभियंता, पूर्वी तटबंध अंचल, सहरसा एवं मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर पैकेज-1C के एकरारनामा में भी बोल्डर की आपूर्ति गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप मिर्जाचौकी के अतिरिक्त पाकुड़ एवं सिल्लीगुडी से प्राप्त कर कार्य का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे ताकि बाढ़ अवधि में कोई प्रतिकुल स्थिति का सामना नहीं करना पड़े।

कार्य की महत्ता को देखते हुए विभाग द्वारा एक सहायक अभियंता (श्री कमलेश भण्डारी) को पूर्वी तटबंध प्रमंडल, सुपौल में प्रतिनियुक्त किया गया है। श्री भंडारी द्वारा दिनांक-22, फरवरी-2019 को उक्त प्रमंडल में योगदान देने के बावजूद भी कार्यपालक अभियंता,

पूर्वी तटबंध प्रमंडल, सुपौल द्वारा उनसे उक्त कार्य का कार्यान्वयन एवं पर्यवेक्षण नहीं कराया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता को श्री भंडारी, सहायक अभियंता को उक्त कार्य में संलग्न कर कार्य कराने का निदेश दिया गया।

(अंजनी कुमार सिंह)
अभियंता-प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांकः-बा०प्र०सु०स०के०-28/2018- 279 पटना/दिनांकः- 11-04-2019

प्रतिलिपिः-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर/ अधीक्षण अभियंता पूर्वी तटबंध अचंल, सहरसा/संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना/ उप निदेशक-1, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना/कार्यपालक अभियंता, पूर्वी तटबंध प्रमंडल, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(अंजनी कुमार सिंह)
अभियंता-प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, पटना